प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 13.10.2025 समय : 18.30 पीएम

00000

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन आपराधिक कानूनों को इज ऑफ जस्टिस की ओर से महत्वपूर्ण कदम बताया–9 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।
- बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी–पहले दिन कांग्रेस की ओर से प्रमोद जैन ने पर्चा भरा।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे सुरक्षा बल–आर पी एफ में वार्षिक रूप से भर्ती की घोषणा की।
- श्रम और रोजगार मंत्रालय कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा कवरेज के विस्तार के लिए कर्मचारी नामांकन अभियान शुरू करेगा।

00000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पिछले साल लागू हुए ऐतिहासिक तीन आपराधिक कानूनों से न्यायिक व्यवस्था त्वरित, सुलभता और सरल तरीके से न्याय देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये कानून इज ऑफ जस्टिस की ओर महत्वपूर्ण कदम है। श्री शाह नवीन आपराधिक कानूनों के एक साल पूरे होने पर आज जयपुर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन कानूनों को एक लंबी चर्चा और सैंकड़ों लोगों के सुझाव और मंथन के बाद लागू किया गया है। श्री शाह ने इन कानूनों की विभिन्न विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के मामले में विशेष प्रावधान किये गये हैं।

------

श्री शाह ने कहा कि इन कानूनों से पीड़ित को समयबद्ध तरीके से न्याय दिलाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों को लागू करना 21वीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बदलाव हैं।

-----

श्री शाह ने देशवासियों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में स्वदेशी को अपनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि केवल देश में बनी वस्तुओं का उपयोग करने से देश में उत्पादन बढेगा और इससे देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। श्री शाह ने कार्यक्रम में राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग तथा लगभग 9 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। इसके साथ ही, प्रदेश के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए 260 करोड़ तथा दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण भी किया गया। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने और अपराधियों पर ठोस कार्यवाही करने के क्रम में राज्य सरकार ने पुलिस व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिये कई क्रांतिकारी कदम उठाये है, जिसमें

एन्टीगेंस्टर टास्क फोर्स और एन्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स सम्मिलित है। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि तीन नये आपराधिक न्याय कानूनों से भारतीय न्याय प्रणाली अधिक गतिशील और आधुनिक बनी है। राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा इन नये आपराधिक कानूनों के अंतर्गत नियम और अधिसूचना जारी करके क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

-----

00000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि आज पहले दिन कांग्रेस के प्रमोद जैन ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उप चुनाव के लिए उम्मीदवार 21 अक्टूबर तक नाम दाखिल कर सकेंगे। 23 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 27 तारीख तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। 11 नवम्बर को मतदान होगा और वोटों की गिनती 14 नवम्बर को होगी।

00000

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि पीएम गतिशक्ति, एकीकृत योजना और क्षेत्र आधारित विकास के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करती है। नई दिल्ली में पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री गोयल ने कहा यह पहल सरकार और शासन के हर क्षेत्र को आगे बढ़ाती है। श्री गोयल ने पीएम गतिशक्ति सार्वजनिक मंच, पीएम गतिशक्ति ऑफशोर, एनएमपी डेशबोर्ड सहित पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत कई पहलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि पीएम गतिशक्ति से मंत्रालयों ओर राज्यों के बीच मिलकर और अधिक समन्वित ढंग से काम करने की परिपाटी शुरू हुई है।

00000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज दिल्ली में विकसित भारत बिल्डाथॉन–2025 का उदघाटन किया। इस अवसर पर श्री प्रधान ने कहा कि 21वीं सदी ज्ञान आधारित सदी है और भारत इस ज्ञान आधारित विश्व और अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनने के लिए भारत को एक स्पष्ट दृष्टिकोण, उन्नत तकनीक और आई टी संचालित समाधानों की आवश्यकता है। श्री प्रधान ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर इनका निर्माण करेंगे। देशभर के तीन लाख से अधिक स्कूलों और 25 लाख से अधिक छात्रों तथा शिक्षकों ने बिल्डाथॉन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया। यह राष्ट्रव्यापी पहल, अटल नवाचार मिशन और नीति आयोग के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य कक्षा–छह से बारह तक छात्रों को सशक्त बनाना है ताकि वह अपनी रचनात्मकता और समस्या समाधान कौशल का प्रदर्शन कर सकें।

0000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि रेलवे सुरक्षा बल –आर पी एफ में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा वार्षिक रूप से भर्ती की जाएगी। उन्होंने आर पी एफ को आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने से जुड़ी विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। रेलवे सुरक्षा बल के 41वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुजरात के वलसाड में श्री वैष्णव ने कहा कि आर पी एफ कर्मियों को जल्द ही वी एच एफ सैट उपलब्ध कराए जाएंगे

और संचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए उन्हें उन्नत डिजिटल तथा ड्रोन प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

-----

000

केन्द्र सरकार ने कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के लिए कर्मचारी नामांकन अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य नियोक्ताओं को स्वेच्छा से पात्र कर्मचारियों की घोषणा और नामांकन के लिए प्रोत्साहित करना है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि यह योजना इस वर्ष पहली नवंबर से अगले वर्ष 30 अप्रैल तक लागू रहेगी। मंत्रालय ने कहा है कि नियोक्ता उन सभी मौजूदा कर्मचारियों का नामांकन कर सकते हैं, जो पहली जुलाई 2017 और 31 अक्टूबर, 2025 के बीच प्रतिष्ठान में शामिल हुए हैं।

000

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज बीकानेर के मुक्ता प्रसाद नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मेघवाल ने कहा कि हमारे ऋषि, मुनियों, संतों तथा आध्यात्मिक चेतना के पुरोधाओं ने निरोगी काया को पहला सुख बताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। केंद्र और राज्य सरकार इसी भावना पर चलते हुए प्रदेश में चिकित्सा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

000

आबूरोड में ब्रह्माकुमारीज़ संस्था की ओर से एकता और विश्वास विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आज सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन के समापन समारोह में केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके भी शामिल हुए। श्री मेघवाल ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि संस्था दुनिया में शांति फैलाने और अच्छे इंसान बनने के मूल्यों को बढ़ाने का बहुत अच्छा काम कर रही है।

-----

000

अजमेर के राजकीय जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के विकास के लिए राज्य सरकार ने एक सौ इकरानवे करोड़ रुपये स्वीकृत किये है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस राशि से अस्पताल में एक अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर अरविंद खरे ने बताया कि अभी तक पीडियाट्रिक और मेडिसन विभाग के ब्लॉक बनकर तैयार हो चुके हैं।

------

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज बीकानेर पंहुचकर कांग्रेस के दिवंगत नेता रामेश्वर डूडी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने श्री डूडी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक सच्चे जननायक थे, जिन्होंने किसानों के लिए संघर्ष किया।

उन्होंने बीकानेर में महाराजा गंगा सिंह को भी उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

0000